## संक्षिप्त

### कनक दंडवत यात्रा का स्वागत

**निवाई, (निसं)।** पिछले दिनों मंडालिया में स्थित देवनारायण मंदिर से विधि-विधान के साथ देवधाम जोधपुरिया के लिए रवाना हुई कनक दंडवत यात्रा रविवार को निवाई पहुंची। जहां देवली-उनियारा जनसेवक भामाशाह सीताराम पोसवाल ने सभी कनक दंडवत यात्री का स्वागत किया। हरिशंकर खटाणा मंडालिया ने बताया कि कनक दंडवत यात्रा में लगभग 40 श्रद्धालु शामिल हैं। कनक दंडवत यात्रा का समाजसेवी सीताराम पोसवाल ने स्वागत किया। कनक दंडवत यात्रा रोजाना 4 किलोमीटर चलती है। कनक दंडवत यात्रा अगले लगभग 4 दिन में देवधाम जोधपुरिया पहुंच जाएगी। स्वागत करने में समाजसेवी नादान गुर्जर करीरिया,भेरुलाल सिरस, हरिशंकर मण्डालिया, राजेन्द्र कसाणा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### महबूब दीवान का स्वागत किया

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान मदरसा बोर्ड नवनियुक्त चेयरमैन महबूब दीवान चोपदार का ''दिल में है हिंदुस्तान'' ग्रुप के सदस्यों द्वारा चौमूं के राधा स्वामी बाग़ कट पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत के बाद उन्हें ज्ञापन देकर चौमूं नगरपालिका क्षेत्र में बंद हुए मदरसों और मुस्लिम स्कूलों को पुनः चालू करवाने और चालू मदसरों का दौरा करने की माँग की। इस मौके पर मोहम्मद माहिर गौरी, मोहम्मद अमजद पठान, मोहम्मद दिलशाद, शहजाद लोहाणी, फिरोज गौरी, आदिल नेता, सिकन्दर अगवान, मुजाहिद खान, सिकन्दर गौरी, अखिलेश कुमावत, शोयब रंगरेज, सुनील मीणा, शोयब अगवान, अक्कू सोनी, हसन अगवान मौजूद रहे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**निवाई, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजश्री स्वामी ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ द्वारा राजनीति विज्ञान, इतिहास और करंट अफेयर्स सहित अन्य विषयों पर छात्राओं से प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और प्रश्नों के जवाब दिए। प्रतियोगिता में सहायक आचार्य बिन्नी साहू ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# अडानी समूह घोटाले के खिलाफ कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया

**टोंक, (निसं)।** एलआईसी, एसबीआई जैसी संस्थाओं को बचाने एवं अडानी समूह घोटाले के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा प्रदेश कांग्रेस सचिव जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह खेड़ी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के नेतृत्व में घण्टाघर चौराहा टोंक से एलआईसी कार्यालय पुराना बस स्टैंड टोंक तक पैदल मार्च निकालकर मोदी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया।

■ **मोदी सरकार ने करोड़ों देशवासियों की खून पसीने की कमाई को खतरे में डाल दिया : लक्ष्मण चौधरी**

धरने को सम्बोन्धित करते हुए महेन्द्र सिंह खेड़ी ने कहा कि मोदी सरकार हमारी राष्ट्रीय सम्पतियों को बेचकर अपने मित्रों की जेब भर रही है। उन्होंने कहा एसबीआई एवं एलआईसी में देश की करोड़ों लोगों की गाढी कमाई का पैसा है, जिसको बरबाद होते हम नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों को जमीनी स्तर पर विरोध करेंगे।

उन्होंने अडानी स्कीम की जेपीसी अथवा सुप्रीम कोर्ट के जज के माध्यम से जांच कराने की मांग की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता ने कहा कि एलआईसी एवं एसबीआई हमारे देश का गौरव हैं और हम इन्हें बरबाद नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नाजयाज तरीके से एलआईसी, एसबीआई का पैसा अडानी समूह में निवेश कराया। मोदी सरकार ने करोडों देशवासियों की खून पसीने की कमाई को खतरे में डाल दिया। पूर्व विधायक कमल बैरवा, एड. महावीर तोगडा, दिनेश चौरासिया, सलीम नकवी, टोंक शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बैग, उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष कमरूद्दीन, किशन फगोडिया, देवली ब्लॉक अध्यक्ष महादेव मीणा, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खान, मणिन्द्र बैरवा, सै. मेहमूद शाह , नईमुद्दीन अपोलो, हंसराज गाता,जर्रार खांन, एड. सलमान, एड. नजीर हसन, फरीद मियां टोपी वाले, जिला परिषद सदस्य छोगा लाल गुर्जर, आतिफ नकवी, आदि के अलावा बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने धरना-प्रदर्शन में भाग लिया।



जिला कांग्रेस कमेटी टोंक ने पैदल मार्च निकालकर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ग्राम साथिन संघ ने ज्ञापन सौंपा

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान ग्राम साथिन कर्मचारी संघ ने महिला अधिकारिता बाल विकास विभाग में कार्यरत ग्राम साथिनों का 4 हजार 620 रुपये मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर टोंक जिला सहित अन्य कई जिलों में 4 वर्षों से रूके हुए जाजम बैठकों बिल का भुगतान करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम साथिने प्रदेश की हर एक पंचायत पर 2004 से कड़ी मेहनत व लगन के साथ जाजम बैठकों का आयोजन करके महिलाओं को सजग करना, टीकाकरण में सहयोग करना, राजीव गांधी केन्द्र पर उपस्थित रहकर अन्य विभाग के श्रम विभाग समाज कल्याण विभाग कार्यो व योजनाओं से महिलाओं को लाभ दिलवाना, बेटी बचाओं व बेटी पढाओं के तहत आने वाली कार्यक्रमों में महिलाओं को लाभ दिलवाना, किशोरी बालिका शक्ति में कार्य करना, ग्राम साथिनों के कार्यो को देखते हुए मानदेय अपना परिवार चलाने हेतु कम से कम 1० हजार रु. किया जाये, साथ ही अन्य राज्यों कर्मचारियों की तरह एक तारीख को डाला जाये, 4 हजार 62० रु. मानदेय से बढाकर श्रम एक्ट कानून अधिनियमनुसार मानदेय किया जाए। पिछले 4 वर्षो से कई जिलों में जाजम बैठकों के बिलों में भुगतान नहीं किया जा रहा, उसे शीघ्र दिलवाया जाये। शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन दस दिवसीय अवकाश दिया जाऐ, नियमानुसार 6० वर्ष पूर्ण होने पर 2 साल का स्वास्थ्य सर्टिफिकेट दिए जाने के बाद लाभ दिया जाए।

## सार-समाचार

### तीन छात्रों का सी. ए. में चयन



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर के तीन छात्रों का सी ए फाउंडेशन में चयन हुआ है। महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल के कोऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि विद्यालय के छात्र निशांत अग्रवाल पुत्र नरोत्तम अग्रवाल निवासी श्रीमाधोपुर, नितिन जांगिड़ पुत्र सुरेंद्र जांगिड़ निवासी श्रीमाधोपुर,चैतन्य चौधरी पुत्र संजय कुमार चौधरी निवासी श्रीमाधोपुर का सीए फाऊंडेशन में चयन हुआ,वहीं विद्यालय की पूर्व छात्रा जीविका रावत पुत्री पुरषोत्तम रावत का आईपीसीसी में चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय निर्देशक मोहर सिंह खर्रा एवं प्राचार्या कवलजीत कौर ने चयनित छात्रों का सम्मान किया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। छात्रों ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय स्टाफ़ व अभिभावकों को दिया है। विदित रहे कि छात्रों ने बिना किसी कोचिंग व अन्यत्र अध्ययन के ये उपलब्धि प्राप्त की है। इस अवसर पर अशोक गहलोत, विकास अग्रवाल, विष्णु जोशी, अमित माथुर, पवन सैनी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**निवाई, (निसं)।** समाजसेवी एवं भामाशाह प्रहलाद नारायण बैरवा ने सोमवार को क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों में 500 से अधिक गरीब एवं असहाय जरूरतमंदों लोगों को कंबल वितरण किए। समाजसेवी बैरवा ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए उनके द्वारा छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र में 59 ग्राम पंचायतों में 5 हजार से अधिक लोगों को कंबल वितरित किए हैं। इस दौरान डांगरथल में सरपंच बजरंगलाल बैरवा,जीएसएस व्यवस्थापक गेन्दीलाल गुर्जर, श्योजीराम, वार्ड पंच रामअवतार व शिवराम जाट मौजूद रहे। इसी प्रकार खणदेवत में हरजीराम गुर्जर, वार्ड पंच जगदीश नायक, घासी बैरवा, रंगलाल बैरवा, जगदीश, गांव रजवास में हनुमान गुर्जर, सूरज गुर्जर, मदनलाल गुर्जर, महावीरदास स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसी दौरान समाज सेवी प्रहलाद बैरवा के साथ जगदीश प्रसाद टेलर राणोली, गोपालाल गुर्जर राणोली, गिर्राज हाकला जयकिशनपुरा, शंकरलाल बैरवा कासीपुरा सहित अनेक लोग थे।

### कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** एसबी एन ग्रुप ऑफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर में बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा एसयूपी कैंप के तीसरे दिन खेल दिवस के रूप में मनाया गया। बीएड प्रभारी श्रवण महला ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा इस दौरान कबड्डी खेल का आयोजन किया जिसमें सबसे पहला मैच पुरुष वर्ग में ज्योतिबा फुले दल व आजाद दल के बीच में हुआ जिसमें आजाद 10 पॉइंट से विजयी रहा तथा दूसरा मैच एसबीएन सुपीरियर तथा महाराणा प्रताप के बीच में हुआ जिसमें एसबीएन सुपिरिअर 20 पॉइंट से विजयी रही। वही फाइनल मुकाबला एसबीएन सुपीरियर बनाम आजाद दल के मध्य में होगा तथा महिला वर्ग का मैच महाराणा प्रताप तथा ज्योतिबा फुले दल के बीच खेला गया जिसमें ज्योतिबा फुले दल विजयी रहा। संस्था के निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल ने बताया कि खेलों का जीवन में बहुत ही ज्यादा महत्त्व है। इस दौरान रचना सैनी ,ऋतु पाराशर, सुमन सैनी, मुकेश गोस्वामी आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### विशाल सभा व रैली आज

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** मंगलवार को भाजपा के युवा नेता शंकर गोरा के नेत्रत्व में प्रातः 10 बजे से गढ़ गणेश मंदिर परिसर चौंमू को बीसलपुर से बजट सत्र में जोड़ने की मांग को लेकर विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा । जिसमे चौंमू विधानसभा से प्रत्येक वार्ड और पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारिया सोपी गई और अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आ ान किया। शंकर गोरा ने बताया कि गढ़ परिसर में विशाल सभा के बाद रेली के रूप मे रवाना होकर बस स्टैंड थाना मोड़ होते हुए जयपुर रोड दोलतशाह बाबा की दरगाह के पीछे स्थित उपखण्ड कार्यालय तक जाएंगे और उपखण्ड अधिकारी को निम्न माँगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपेंगे। बजट सत्र में चोमू को बीसलपुर से जोड़ने की मांग को लेकर, किसानों की फसल खराबा के मुआवजे, लगातार हो रहे पेपर लीक की जांच, किसानों की बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन देंगे।

### राशन डीलरों ने ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** राशन डीलरों को मासिक मानदेय निर्धारित किये जाने सहित संगठन की आठ सूत्री मांगों को बजट घोषणा में पूरी किये जाने सहित केन्द्र सरकार द्वारा राशन डीलर व उपभोक्ताओं के प्रति गलत नितियों के विरोध में राशन डीलरों ने सोमवार को एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंप तीन दिन पॉश मशीनें बंद रखने के निर्णय से अवगत करवाया। राशन डीलर एसोसिएशयन अध्यक्ष सीताराम डालमिया,राशन डीलर सलीम रंगरेज,अलीम अहमद सहित अन्य ने ज्ञापन मे अवगत करवाया कि राशन डीलर समन्वय समिति राजस्थान के निर्देशानुसार देशभर मे राशन डीलरो द्वारा किये जा रहै आंदोलन व मानदेय निर्धारित किये जाने की मांगो को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए राजस्थान के 27 हजार राशन डीलरो ने 7 से 9 फरवरी तक पॉश मशीने बंद रख आंदोलन का निर्णय लिया है जिसका मालपुरा एसोसिएशन ने भी समर्थन किया।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष 9 को दौरे पर

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 9 फरवरी गुरूवार को टोंक जिले के दौरे पर रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया दोपहर 12 बजे पीजी कॉलेज टोंक छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन, दोपहर 2 बजे टोडारायसिंह कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन, शाम 4 बजे मालपुरा कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रमों में रहेंगे।

### आंतेला को उपतहसील बनाने की मांग

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती कस्बा आंतेला- विराट नगर को उपतहसील का दर्जा देने की मांग को लेकर निर्माण कमेटी संरक्षक पूर्व उपनिदेशक महेशचंद शर्मा, कैप्टन प्रभु सिंह शेखावत के नेतृत्व में कमेटी सदस्यों मोहन कामदार, गोकुल महाराज, शिव कुमार व्यास, पूरणमल कुहार, शिभू दयाल मोदी, रमेश चंद मोदी, शिभू दयाल अग्रवाल, बाबूलाल सैनी, मातादीन खाती, ग्यारसीलाल मीणा, सुरज्ञानी योगी, मोहनलाल सेन, चंदन शर्मा व जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम पावटा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उपतहसील बनने के लिए कस्बा आँतेला सरकार के सभी नियमों को पूर्ण करता है। जयपुर से 30 किलोमीटर की दूरी पर जयपुर दिल्ली राजमार्ग पर स्थित कस्बा है। आँतेला विराटनगर तहसील का दूरस्थ बडा कस्बा है। जिसकी आबादी लगभग 12-13 हजार है। कस्बे की बडी ग्राम पंचायत का विघटन कर दो अन्य ग्राम पंचायतों का गठन भी विगत में ही किया गया है। वहीं कस्बा आंतेला रियासतकाल में सीधा जयपुर रियासत अधीन रहा है।

# बन्दरों व आवारा सूअरों के आतंक से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग

**टोंक, (निसं)।** भीम सेना ने ग्राम बिचपुड़ी चन्दलाई में जंगली बन्दरों (लंगूरों) व आवारा सूअरों के आतंक से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग को लेकर भीम सेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम पंचायत चन्दलाई सरपंच निर्मला देवी, कन्हैया लाल यादव, शोभा देवी यादव, रामप्यारी यादव, सीमा यादव, सागर बैरवा, गीता यादव, जगदीश यादव, समुद्रा बैरवा, फूला बैरवा, सम्पत बैरवा, रामप्यारी बैरवा, गुड्डी बैरवा, कस्तूरी यादव एवं फूला देवी यादव ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि ग्राम बिचपुडी चन्दलाई में जंगली बन्दरों (लंगूरों) के द्वारा व आवारा सूअरों से आतंक बना हुआ है।

ग्राम के कई लोगों को जंगली बन्दरों ने काट लिया गया है व बच्चों को घायल किया जा चुका है, गांव में आवारा सूअरों का भी काफी आतंक हो रहा है, जो खेतों में घुस जाते है और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है व शहर के लोगों के द्वारा भी अपनी झुण्ड की झुण्ड सुनी गायों को गांव के रास्ते पर खुला छोड देते है, जिससे सुनी गाये खेतों में घुस जाती है और फसलों को नुकसान करती है, सुनी गायों को छोडने वालो को ग्रामीण जब मना किया जाता है तो वह लडाई-झगडा करने पर उतारू हो जाते है, जिसके कारण ग्रामीण जनता में भयंकर रोष व्याप्त है।


भीम सेना ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

जंगली बन्दरों व सूअरों द्वारा ग्रामीणों को घायल कर देने के कारण उनको काफी परेशानियों का सामना करना पडता है, उनको सरकार से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल पाती है, उनको अपने स्तर पर ही अपना इलाज करना पडता है, इस संबंध में पूर्व में संबंधित थानों व जिला प्रशासन को भी अवगत करवाया जा चुका है, परन्तु इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन संबंधित ग्राम का दौरा कर अपनी रिपोर्ट जिला कलेक्टर के समक्ष रखे एवं समस्त ग्राम बिचपुडी के लोगों एवं अध्ययनरत बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए जंगली बन्दरों व सूअरों के आतंक से व सुनी गायों के द्वारा खेतों में घुसकर नुकसान करने से बचाया जाये, जंगली बन्दरों को पकडवाकर माधापुर की सेंचुरी में छुडवाया जाये।

# एस.डी.एम. ने दतवास में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

**निवाई, (निसं)।** दतवास पंचायत में उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने दतवास ग्राम पंचायत में पहुंचने पर सरपंच सुवालाल कोली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम रविकांत सिंह का स्वागत किया।

इस दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की मुख्य समस्या से एसडीएम को अवगत करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय हेतु भूमि आवंटन, रोड निर्माण के चलते टूटी गई पाइप लाइन को ठीक करवाने हेतु, ग्राम पंचायत में बीसलपुर कनेक्शन करवाने हेतु, चरागाह भूमि में से शमशान के लिए भूमि आवंटन करवाने हेतु, पंचायत क्षेत्र में पट्टे शुदा आबादी से पट्टा दिलवाने बाबत सहित कई समस्या से उपखंड अधिकारी को अवगत करवाया।

इस दौरान ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनकर उपखंड अधिकारी ने जल्द से जल्द समस्या का निवारण करने हेतु आश्वासन दिया। इसके अलावा उपखंड अधिकारी ने चिरंजीवी योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस दौरान चिरंजीवी योजना में जुडकर किस प्रकार लाभ ले सकते हैं उसके बारे में विस्तृत से जानकारी प्रदान की। वही जनप्रतिनिधियों से भी उपखंड अधिकारी ने कहां की चिरंजीवी योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार कर ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को इसका लाभ दिलाने के लिए कहा। वही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए तुरंत प्रभाव से ग्रामीणों की समस्या का निवारण करने के लिए निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में सहायक नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र जैन, बीसीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी सहित जलदाय विभाग ए विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी एकर्मचारी व जनप्रतिनिधि सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

### बन्दरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**निवाई, (निसं)।** बरोनी गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं गांव की ममता बैरवा के साथ बंदरों ने जान लेवा हमला किया और अंकिता बैरवा को मकान के ऊपर से बंदरों ने गिरा दिया जिससे उसका पैर तीन जगह से फेक्चर हो गया। लोगों में बंदरों के आतंक से खतरा बना हुआ है और ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को और सांसद को भी बंदरों की शिकायत के लिए ज्ञापन दिया था परन्तु बंदरों के लिए प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। बंदरों की तुरन्त कार्रवाई करें ताकि लोगों को पागल बंदरों से सुरक्षा मिल सके कलेक्टर को ज्ञापन देने वाले ग्रामीण नेनपाल मेमर, आशा पोसवाल, राजेंद्र चेची, राम अवतार, शिवराज गुर्जर आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ता दीर्घा भवन का उद्घाटन

**पावटा, (निसं)।** विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा विधायक कोष से पावटा न्यायालय परिसर में लाखों की लागत से नवनिर्मित अधिवक्ता दीर्घा का विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह की अध्यक्षता एवं पावटा तहसील बार एसोसिएश अध्यक्ष अशोक सिंह गुर्जर के विशिष्ट आतिथ्य एवं आयोजक उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव सुरेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा पुस्तकालय अध्यक्ष दिनेश दायमा सहित सभी अधिवक्ताओं, डीड राइटर, स्टांप वेंडर कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

अदालत आज भी नागरिकों का हौंसला कायम रखने वाली संस्था बनी हुई है। अधिवक्ता जब कार्यपालिका से थक जाता है तो न्यायालय ही उसका आसरा रह जाता है। उन्होंने न्यायिक कार्यप्रणाली की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि अदालतों के फैसलों ने भारतीय प्रजातंत्र में लोगों का भरोसा कायम रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। यह बात यहां पावटा तहसील परिसर में विधायक कोष से लाखों रूपये की लागत से निर्मित अधिवक्ता दीर्घा का उद्घाटन करते हुए उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने कहीं। विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंसा पर उपखंड परिसर पावटा में वकीलों व अधि वक्ताओ का ध्यान रखते हुए अधिवक्ता दीर्घा का निर्माण किया गया है। इस दौरान पावटा तहसील बार एसोसिएश अध्यक्ष मुकेश स्वामी ने बताया कि न्यायालय परिसर में विशाल अधिवक्ता दीर्घा की बहुत कमी थी और पूर्व वाली दीर्घा छोटी थी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग कैंप आयोजित

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार मुकुल गहलोत अपर मुख्य महानगर क्रम संख्या 10, विनय कुमार सोलंकी महानगर न्यायाधीश न्यायालय क्रम संख्या 17, उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण, तहसीलदार पूजा यादव और नायब तहसीलदार रामजी लाल मीणा गोविन्दगढ़ की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन और मेगा विधिक चेतना शिविर के आयोजन को लेकर चौमूं उपखण्ड कार्यालय में प्री काउंसलिंग कैंप आयोजित किया गया।

उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि कैंप में स्थानीय प्रशासन एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारीगण से समन्वय से लाभार्थियों को कैंप स्थल पर ही सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं जानकारी दी गई। इसमें सामाजिक अधिकारिता विभाग से संबंधित पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई, वन विभाग से विभिन्न पौधों का वितरण, नवजात शिशु एवं नव प्रसूता माताओं एवं गर्भवती स्त्री हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ दिया गया। इस प्री काउंसलिंग कैंप में उपखण्ड के लोगों ने उत्साह पूर्वक उपस्थित होकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। कैंप में विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर के कर्मचारियों द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जागरूकता बाबत प्रचार-प्रसार सामग्री भी वितरित की गई। मेगा कैंप में विनय कुमार सोलंकी महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 17 द्वारा कैंप में उपस्थित जन समुदाय को अपने उद्बोधन में संबोधित कर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सेवा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। तहसीलदार पूजा यादव द्वारा उपखण्ड में पालनहार अभियान एवं राजस्व विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं आम जनता से अपील की कि आप संबल अभियान में पात्र व्यक्तियों को पेंशन एवं पालनहार योजना में जुड़वाना सुनिश्चित करें।


चौमूं उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ( बांए से दूसरे ) की उपस्थिति में प्री काउंसलिंग कैंप आयोजित किया गया।

### 23 वाहन चालकों के चालान काटे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना इलाके में बढ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर हेलमेट नहीं पहनने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

बस स्टैंड के पास पुलिस ने दो दिन में चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले 23 बाइक सवारों को रोककर कार्रवाई की और चालान काटे। थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि विभाग ने एक साल में सड़क दुर्घटनाओं में 20 से ज्यादा मौतों वाले थाना इलाकों में 15 फरवरी तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए है।

नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जा रही है।एक साल में हादसों के 54 केस दर्ज, 25 मौतें थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ के अनुसार पिछले साल 2022 में सड़क दुर्घटनाओं के 54 मुकदमे पुलिस थाने में दर्ज हुए थे जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी व 41 लोग घायल हुए है। थानाधिकारी राठौड़ ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आमजन से हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाने की अपील की है।

# महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन

**पावटा, (निसं)।** चिमनपुरा के बाबा नारायण दास राजकीय कला महाविद्यालय में सोमवार को छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर, विशिष्ट अतिथि राज. विश्वविद्यालय पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व प्रदेश काग्रेस कमेटी सदस्य मनीष यादव, एनएसयूआई पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुमित भगासरा, राजस्थान विश्वविद्यालय पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विनोद जाखड थे, जबकि अध्यक्षता बीएनडी प्राचार्य एस. डी यादव व छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल कुमार बुनकर ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्रसंघ कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन कर छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल कुमार बुनकर को पद भार ग्रहण करवाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि इस शिक्षा के युग में युवाओं को आगे बढने के लिए कडी मेहनत करनी चाहिए। क्षेत्र के युवा सेना में जाकर अपना दमखम दिखाते है, वही युवाओं ने प्रदेश में भी बडे अधिकारी के पद पर पहुंचने का काम किया है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान महाविद्यालय विकास समिति राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य दशरथ सिंह, विनोद भूतोली, सी पी सैनी, प्रहलाद सहाय यादव, मक्खनलाल यादव, रामसिंह यादव, भागीरथ मल टाटला, मनोज यादव, के के सैनी, सी एम सैनी, शिवराम गुर्जर, मुकेश देव गुर्जर, मुकेश कुडानिया सहित बडी संया में जनप्रतिनिधि छात्र-छात्रा व ग्रामीण मौजूद रहे।


बाबा नारायण दास राजकीय कला महाविद्यालय में विधायक इंद्राज गुर्जर ( बीच में ) ने छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन किया।